PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Jagran, Delhi
Wed, 21 Jun 2017, Page 6
Width: 16.37 cms, Height: 13.43 cms, a4, Ref: 40.2017-06-21.77

मील का पत्थर साबित होगी जन औषधि योजना

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : कांस्टीट्यूशन क्लब में जन औषधि पर आयोजित कार्यशाला में केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्यमंत्री डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि योजना स्वस्थ भारत के निर्माण में क्रांति लाने का काम कर रही है। इससे जरूरतमंद लोगों को कम दाम में अच्छी गुणवत्ता वाली दवा मिल रही है। आने वाले वर्षों में यह मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने इस योजना को सफल बनाने में सभी लोगों को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा।

ब्यूरो ऑफ फार्मा पीएसयू ऑफ इंडिया (बीपीपीआइ) व इस क्षेत्र में काम करने वाली संस्था प्रतिष्ठा ने कार्यशाला का आयोजन किया। बीपीपीआइ के सीईओ बिप्लब चटर्जी ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य लोगों को योजना के प्रति जागरूक करना और देश के कोने-कोने में जन औषधि केंद्रों द्वारा सस्ती से सस्ती दवा की पहुंच सुनिश्चित करना है। प्रतिष्ठा की निदेशक सोहिनी रोहिल्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री की योजना को सफल बनाने के लिए वह इस तरह की कार्यशाला का आयोजन कर रही हैं, जिससे की ज्यादा से ज्यादा लोग इसमें भागीदार बने और उन तक सस्ती दवा पहुंच सके। परियोजना से जुड़ीं रिचा वशिष्ठ, सोनाली फोगाट, समीर कांत आहूजा ने विचार रखे।

कांस्टीट्यूशन क्लब में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना पर आयोजित कार्यशाला में अपने विचार रखते केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्यमंत्री डॉ महेंद्रनाथ पांडेय • जागरण